# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

## Q. हाल ही में राजस्थान में सिविल सेवा दिवस 2026 के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा किस पुरस्कार से बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों को नवाजा गया?

(A) सीएम एक्सीलेंस अवॉर्ड

(B) लोक सेवा पुरस्कार

(C) राज सेवा अवॉर्ड

(D) इनमें से कोई नही

- राजस्थान में सिविल सेवा दिवस 2026 के अवसर पर जयपुर में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों को "सीएम एक्सीलेंस अवॉर्ड" से सम्मानित किया.
- उन्होंने कहा कि हर साल नवाचार और बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा, इस कार्यक्रम में कुल 9 अधिकारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया
- यह पुरस्कार डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, जन-कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और लोक सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया
- भारत में राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस (National Civil Services Day) हर साल 21 अप्रैल को मनाया जाता है,

Yesterday Revision

01. पीएम-कुसुम योजना के तहत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान में सौर ऊर्जा संयंत्रों की कुल क्षमता 4,000 मेगावाट पहुंची।

02. राजस्थान सरकार द्वारा संचालित पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र योजना  जिला स्तर पर काम कर रही है।

03. जयपुर डेयरी) द्वारा रीको के बिचून औद्योगिक क्षेत्र में 540 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक डेयरी प्लांट स्थापित किया जाएगा?

04.  राजस्थान सरकार ने 8 नए जिलों में SC/ST कार्यालय और मानव तस्करी विरोधी यूनिट्स के गठन को मंजूरी दे दी है।

05. सांसद आदर्श ग्राम योजना में देशभर के ऐसे 1000 गांवों की सूची में राजस्थान सर्वश्रेष्ठ गांवों की सूची में राजस्थान का पहला गांव रोजडी श्रीगंगानगर 380वें स्थान पर है। हालांकि राजस्थान के गांवों में यह पहले स्थान पर है।

01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A)राजस्थान में मुख्यमंत्री युवा संबल योजना का भत्ता अब 24 वर्ष की आयु के बेरोजगारों को ही मिलेगा।

(B) मुख्यमंत्री युवा संबल योजना का का नया 2.0 पोर्टल मई महीने में लॉन्च होगा।

सही विकल्प चुनिए:

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- 'राजस्थान में मुख्यमंत्री युवा संबल योजना का भत्ता अब 21 वर्ष की आयु के बेरोजगारों को ही मिलेगा। राज्य सरकार ने 21 से कम आयु के शिक्षित युवाओं को वास्तविक बेरोजगार नहीं मानते हुए ये फैसला लिया है,
- प्रदेश में 2 लाख बेरोजगारों को युवा संबल भत्ता मिलता है।
- सरकार ने मुख्यमंत्री युवा संबल योजना का पुराना ईईएमएस (एंपलॉयमेंट एक्सचेंज मैनेजमेंट सिस्टम) 1.0 पोर्टल बंद कर दिया है। इसकी जगह नया 2.0 पोर्टल मई महीने में लॉन्च होगा। इस पोर्टल में नवगठित जिले भी शामिल किए जाएंगे।
- 2022 से शुरू योजना के तहत राज्य सरकार पुरुष अभ्यर्थियों को 4 हजार तथा महिला, विशेष योग्यजन व ट्रांसजेंडर श्रेणी के बेरोजगारों को 4500 रुपए प्रतिमाह भत्ता देती है। भत्ते के लिए चयनित अभ्यर्थियों को विभिन्न विभागों में इंटर्नशिप करनी होती है।

02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—

(1) परिवहन विभाग द्वारा जारी वित्त वर्ष 2025-26 की रेवेन्यू रैंकिंग में जयपुर आरटीओ द्वितीय प्रदेश में अव्वल रहा

(2) 2025-26 की रैंकिंग में जयपुर आरटीओ द्वितीय 598.26 करोड़ की प्राप्ति के साथ पहले स्थान पर रहा।

सही विकल्प चुनें

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- परिवहन विभाग ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 11 हजार करोड़ रुपए का महत्वाकांक्षी राजस्व लक्ष्य तय कर दिया है, जो पिछले साल के मुकाबले 1400 करोड़ रुपए अधिक है।
- इस लक्ष्य के साथ ही विभाग ने सभी आरटीओ कार्यालयों को टारगेट आवंटित कर मॉनिटरिंग शुरू कर दी है।
- वहीं, वित्त वर्ष 2025-26 की रेवेन्यू रैंकिंग भी जारी कर दी गई है, जिसमें जयपुर आरटीओ द्वितीय प्रदेश में अव्वल रहा,
- वित्त वर्ष 2025-26 की रैंकिंग में जयपुर आरटीओ द्वितीय 598.26 करोड़ की प्राप्ति के साथ पहले स्थान पर रहा।

03. रीको द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में कितने नए औद्योगिक क्षेत्र खोले गए ?

(A) 44

(B) 21

(C) 22

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- रीको द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में 21 नए औद्योगिक क्षेत्र खोले गए
- इन 21 औद्योगिक क्षेत्रों में केकड़ी विस्तार (अजमेर), बारौली (भरतपुर), पंढेर गुलाबपुरा, धुनवाला, पीपलूंद एवं कीडिमाल (भीलवाड़ा), बिचून (जयपुर), पीपलखेड़ी बारां (कोटा), कछालिया बूंदी (कोटा) तथा सगतपुरा (उदयपुर) शामिल हैं।
- इन क्षेत्रों में 195 औद्योगिक भूखंड आवंटित किए गए।
- RIICO (राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोग निगम लिमिटेड)

स्थापना – 1 जनवरी 1980, मुख्यालय – जयपुर

- उद्देश्य – राज्य में नए औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने हेतु भूमि आवंटन तथा वित्तीय सहायता प्रदान करना।

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) बेंगलुरु में 'ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम)-2026' के तहत निवेशक सम्मेलन 26 अप्रैल को आयोजित किया गया

(2) राजस्थान में 27 अप्रैल से 15 दिनों तक "ग्राम रथ अभियान" चलाया जाएगा

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में बेंगलुरु में 'ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम)-2026' के तहत आयोजित निवेशक सम्मेलन 26 अप्रैल को आयोजित किया गया
- यह कार्यक्रम राजस्थान सरकार के कृषि विभाग द्वारा फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) और राजस्थान फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया।
- मुख्य कार्यक्रम 'ग्राम 2026' का आयोजन 23 से 25 मई 2026 के बीच जयपुर में किया जाएगा। इसमें देश-विदेश के निवेशक, उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधि और नीति निर्माता शामिल होने की उम्मीद है।
- राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के लिए 27 अप्रैल से 15 दिनों तक "ग्राम रथ अभियान" चलाया जाएगा। एलईडी मोबाइल वैन के माध्यम से संचालित इस अभियान का उद्देश्य किसानों और पशुपालकों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना है

**05. हाल ही में भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन की पहली राजस्थान यात्रा कब हुई थी?**

(A) 25 अप्रैल 2026

(B) 22 अप्रैल 2026

(C) 20 अप्रैल 2026

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- भारत के उपराष्ट्रपति की पहली राजस्थान यात्रा 25 अप्रैल 2026 को
- 25 अप्रैल 2026 को उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन अपनी एक दिवसीय यात्रा पर जयपुर पहुंचे।
- वह राजस्थान विश्वविद्यालय के 35वे दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

जयपुर, शनिवार, 25 अप्रैल, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-65

1. **महात्मा** ज्योतिबा फूले मंडी श्रमिक कल्याण योजना के तहत मेधावी छात्र पुरस्कार या छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए छात्र को पात्रता स्थापित होने के अधिकतम कितने समय के भीतर आवेदन करना अनिवार्य है?
(A) 1 माह
(B) 1 वर्ष
(C) 6 माह
(D) 3 माह

2. **जनगणना** 2027 के लिए स्व-गणना के लिए जारी किया गया वेब पोर्टल अंग्रेजी और हिंदी के अतिरिक्त कितनी अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध है?
(A) 10 भाषाएं
(B) 12 भाषाएं
(C) 22 भाषाएं
(D) 14 भाषाएं

3. **राज**-ममता कार्यक्रम के तहत 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन मेंटल हेल्थ' की स्थापना राजस्थान के किस शहर में की जा रही है?
(A) जोधपुर
(B) कोटा
(C) उदयपुर
(D) जयपुर

4. **राजस्थान** में 'पीएम सूर्यघर योजना' के तहत रूफ टॉप सोलर लगाने पर केंद्र सरकार द्वारा अधिकतम कितनी सब्सिडी राशि प्रदान की जा रही है?
(A) 50,000 रुपये
(B) 68,000 रुपये
(C) 95,000 रुपये
(D) 78,000 रुपये

5. **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला - एक खेल' के तहत खैरथल-तिजारा जिले का खेल कौन सा है?
(A) बास्केटबॉल
(B) हॉकी
(C) कुश्ती
(D) कबड्डी

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. सांसद आदर्श ग्राम योजना में देशभर में राजस्थान का कौनसा गांव सर्वश्रेष्ठ गांवों की सूची में 380वें स्थान पर है।**

(A) रोजडी

(B) पोसाना

(C) खुड़ी

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine